RPSC स्कूल व्याख्याता (माध्यमिक शिक्षा) पेपर II हिंदी 2025

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

तत्सम शब्द है -

(A) चंपा
(B) सूत
(C) छेद
(D) छाया ✓

Q.2

'श्रुतिकटुत्व' काव्य-दोष का उदाहरण है -

(A) तत्व-ज्ञान पाकर हुए आशय दलित समस्त।
(B) कब की इकटक डटि रही टटिया अँगुरिन टारि। ✓
(C) थी सर्व में अधिक मंजुल, मुग्धकारी।
जादू-भरी मुरलिका पति-राधिका की।
(D) मंदिर-अरध अवधि हरि बदि गये,
हरि-अहार चलि जात।

Q.3

निम्नलिखित में से ग्राम्यत्व दोष का उदाहरण नहीं है -

(A) अली पास पौढ़ी भले मोहि किन पौढ़न देत।
(B) मुख मयंक को देखकर विकसा मानस कंज। ✓
(C) धनु है यह गौरमदाइन नाहीं।
(D) पड़े झटोले में रहे नींद न आई राति।

Q.4

हिन्दी की आदिकालीन साहित्यिक प्रवृत्तियों के विषय में निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प गलत है?

(A) रासो ग्रंथों में कथा कहने के ढंग के लिए कथानक रूढ़ियों का प्रयोग मिलता है।
(B) आदिकाल में कथ्य की विविधता के साथ छंद प्रयोग की विविधता मिलती है।
(C) आदिकालीन रासो काव्यों में वीर रस की व्यंजना के लिए छप्पय, तोटक, तोमर, पद्धति और नाराच छंदों का अधिक प्रयोग किया गया है।
(D) आदिकालीन हिन्दी साहित्य में कोमल भावों की अभिव्यंजना डिंगल शैली में की गई है। ✓

Q.5

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.6

निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है -

(A) बड़ों की आज्ञा मानना हमारा कर्तव्य है। ✓
(B) उन्होंने इस बात की आपत्ति उठायी।
(C) व्यापार में सेठ रामलाल के कोई घाटा नहीं हुआ।
(D) मैंने उसे बैठने की कुर्सी दी।

Q.7

किस विकल्प के सभी शब्द तद्भव हैं?

(A) आँत, अकार्य
(B) अदरक, अचरज ✓
(C) अंगरखा, अष्ट
(D) अंगूठा, अमृत

Q.8

निम्नलिखित में से तीसरा सप्तक के कवि नहीं हैं -

(A) विजयदेव नारायण साही
(B) रघुवीर सहाय ✓
(C) कुँवर नारायण
(D) केदारनाथ सिंह

Q.9

निम्नलिखित में से जयशंकर प्रसाद के नाटकों की विशेषता नहीं है -

(A) उनके नाटक सांस्कृतिक हैं, वे देश की समृद्धि के प्रतिरूप हैं।
(B) उनके नाटकों का देश-काल पर्याप्त विस्तृत है।
(C) उनके नाटकों में काव्यात्मकता दृष्टिगोचर होती है।
(D) उनके नाटकों में भी दर्शन है लेकिन उनकी दार्शनिकता उनकी नाटकीय कलात्मकता में विघ्न उपस्थित नहीं करती है। ✓

Q.10

निम्नलिखित में से रामभक्ति काव्य परम्परा के कवि नहीं हैं -

(A) नरहरि बारहट
(B) हृदयराम
(C) माधवदास चारण
(D) हरिराम व्यास ✓

Q.11

'विदेशी' शब्द नहीं है -

(A) चेचक
(B) खिड़की ✓
(C) तमाशा
(D) देर

Q.12

क्रमश: सही अर्थयुक्त शब्द-युग्म है -

(A) परिमल = पवित्र परिभव = वैभव
(B) कुल = वंश कूल = ठण्डा
(C) इति = अंत ईति = बाधा ✓
(D) इन्द्रा = लक्ष्मी इन्दिरा = इन्द्र की पत्नी

Q.13

निम्नलिखित में कौनसे वाक्य में 'निजवाचक सर्वनाम' की प्रयुक्ति नहीं हुई है?

(A) इस विषय में आप लोगों की क्या राय है? ✓

(B) मैं आप वहीं से आया हूँ।

(C) वह अपने को सुधार रहा है।

(D) अपने से बड़े का आदर करना उचित है।

Q.14

रत्यादि स्थायी भावों को प्रकाशित करने वाली आश्रय की बाह्य चेष्टाएँ कहलाती हैं -

(A) उद्दीपन विभाव

(B) व्यभिचारी भाव

(C) अनुभाव ✓

(D) आलम्बन विभाव

Q.15

काव्य का एकमात्र हेतु 'प्रतिभा' को मानने वाले आचार्य हैं -

(A) आनन्दवर्द्धन

(B) राजशेखर

(C) मम्मट

(D) पं. जगन्नाथ ✓

Q.16

लोंजाइनस के उदात्त तत्त्व के बहिरंग पक्ष में सम्मिलित तत्त्व नहीं है -

(A) उत्कृष्ट भाषा

(B) समुचित अलंकार योजना

(C) भावावेश की तीव्रता ✓

(D) गरिमामय रचना-विधान

Q.17

हिंदी भाषा के विकास की दृष्टि से असंगत है -

(A) मध्यकाल में पढ़े-लिखे लोगों की भाषा में 'क़, ख़, ग़, ज़ तथा फ़' पाँच ध्वनियाँ सम्मिलित हो गईं।

(B) ऐ तथा औ दो संयुक्त स्वर आदिकालीन हिंदी में प्रयुक्त होने लगे।

(C) आदिकालीन हिंदी में भक्तिकाल की तुलना में बहुत अधिक तत्सम शब्द गृहीत हुए। ✓

(D) मध्यकाल में हिंदी की प्रमुख बोलियाँ विकसित हो गईं, अपभ्रंश के रूप प्राय: समाप्त हो गए।

Q.18

"कोइल भई पुकारति रही, महरि पुकारे 'लेइ लेइ दही'।
पेड़, तिलोरी औ जल हंसा, हिरदय पैठि बिरह कटनंसा।।"
उपर्युक्त पंक्तियों में 'कटनंसा' शब्द का अर्थ है -

(A) तोता

(B) नीलकंठ ✓

(C) चकोर

(D) कठफोड़वा

Q.19

रोगी को बहुत 'घबराहट' हो रही थी। वाक्य में 'रेखांकित' शब्द है-

(A) संज्ञा ✓
(B) क्रिया
(C) क्रिया विशेषण
(D) अव्यय

Q.20

किस शब्द में 'प्र' उपसर्ग है?

(A) प्रत्यक्ष
(B) प्रतिष्ठा
(C) प्रभु ✓
(D) प्रत्येक

Q.21

"भारत भूमि क्या भुलायी जा सकती है? कदापि नहीं! अन्य देश मनुष्यों की जन्मभूमि है! यह भारत मानवता की जन्मभूमि है।"
'चन्द्रगुप्त' नाटक में भारतवर्ष के संदर्भ में ये विचार किसके हैं?

(A) कार्नेलिया ✓
(B) मालविका
(C) चन्द्रगुप्त
(D) अलका

Q.22

उत्तम काव्य की रचना धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष रूप चारों पुरुषार्थों को तथा समस्त कलाओं में निपुणता को और प्रीति (आनन्द) तथा कीर्ति को उत्पन्न करती है। काव्य-प्रयोजन के संबंध में यह मान्यता किसकी है?

(A) मम्मट
(B) दण्डी
(C) कुलपति
(D) भामह ✓

Q.23

भारतेन्दु युगीन पत्र-पत्रिका एवं संपादक की दृष्टि से असंगत विकल्प है -

(A) पीयूष प्रवाह — राधाचरण गोस्वामी ✓
(B) हिन्दी प्रदीप — पं. बालकृष्ण भट्ट
(C) सदादर्श — लाला श्रीनिवास दास
(D) भारत मित्र — रुद्रदत्त

Q.24

निबंध – संग्रह और उसके रचनाकार की दृष्टि से असंगत विकल्प है –

(A) कुछ उथले कुछ गहरे – डॉ. इन्द्रनाथ मदान
(B) साहित्य सहचर – हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) माटी हो गई सोना – कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'
(D) माटी का फूल – महादेवी वर्मा ✓

Q.25

किस विकल्प में अशुद्ध शब्द है?

(A) पुनरोक्ति ✓
(B) द्रष्टा
(C) अनुगृहीत
(D) अन्तर्भाव

Q.26

'मनमुटाव करना' अर्थ के लिए सर्वाधिक उपयुक्त मुहावरा है –

(A) गाँठ कतरना
(B) गाँठ उखड़ना
(C) गाँठ बाँधना
(D) गाँठ करना ✓

Q.27

किस विकल्प के सभी शब्दकोश क्रमानुसार लिखे गए हैं?

(A) कवि, चित्रकार, ज्ञानी, ज्योतिषी ✓
(B) कवि, ज्ञानी, चित्रकार, ज्योतिषी
(C) कवि, चित्रकार, ज्योतिषी, ज्ञानी
(D) कवि, ज्योतिषी, ज्ञानी, चित्रकार

Q.28

किस विकल्प में अधिकरण कारकवाची 'पर' का प्रयोग नहीं हुआ है?

(A) बात पर बात निकलती है।
(B) अच्छे काम पर इनाम मिलता है।
(C) दिन पर दिन भाव चढ़ रहा है।
(D) वहाँ तो परिन्दा भी पर नहीं मार सकता। ✓

Q.29

सूरदास के भ्रमरगीत विषयक आचार्य शुक्ल की टिप्पणी नहीं है –

(A) भ्रमरगीत में गोपियों की वचनवक्रता अत्यन्त मनहारिणी है।
(B) सगुण-निर्गुण का यह प्रसंग सूरदास ने भागवत से ग्रहण किया है। ✓
(C) सूरदास ने इसमें सगुणोपासना का निरूपण बड़े ही मार्मिक ढंग से किया है।
(D) सूरसागर का सबसे मर्मस्पर्शी और वाग्वैदग्ध्यपूर्ण अंश भ्रमरगीत है।

Q.30

'उसे हमारी चिट्ठी मिली होगी।' वाक्य में काल है –

(A) सन्दिग्ध भूतकाल ✓
(B) सम्भाव्य भविष्यत् काल
(C) सन्दिग्ध वर्तमान काल
(D) वर्तमान काल

Q.31

बन बितान रबि, ससि दियो, फल भख सलिल–प्रवाह।
अवनि–सेज, पंखा–पवन, अब न कछू परवाह।।
प्रस्तुत पद में रस है –

(A) हास्य
(B) शांत ✓
(C) श्रृंगार
(D) करुण

Q.32

प्रयत्न के आधार पर 'ड़' व्यंजन है -

(A) पार्श्विक
(B) उत्क्षिप्त ✓
(C) नासिक्य
(D) लुंठित

Q.33

केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय द्वारा मानक हिंदी वर्णमाला में संयुक्त व्यंजन के रूप में स्वीकृत लिपि चिन्ह नहीं है -

(A) ज्ञ
(B) द्य ✓
(C) क्ष
(D) त्र

Q.34

"जब तक मरद जीता है, लोग बैयर को मरद की बहू कहकर पुकारते हैं, जब मरद मर जाता है, तो लोग उसे बेटे की अम्मा कहकर पुकारते हैं।"
'गदल' कहानी में उपर्युक्त कथन किसका है?

(A) मोनी
(B) डोडी ✓
(C) गदल
(D) निहाल

Q.35

बूचर के अनुसार, अरस्तू की अनुकरण संबंधी मान्यता के संबंध में असंगत विकल्प है -

(A) कलाकृति में मानव-जीवन के सामान्य पक्ष का अनुकरण होता है।
(B) कलाकृति मूल वस्तु का पुनरुत्पादन है।
(C) कलाकृति मानव-जीवन का आदर्शीकृत प्रतिरूपण नहीं है। ✓
(D) कलाकृति कलाकार के मनोगत बिंब का प्रतिफल होती है।

Q.36

प्रकम्पित ध्वनि है -

(A) र ✓
(B) य
(C) व
(D) ल

Q.37

जैन-साहित्य के संबंध में असंगत कथन है -

(A) आचारशैली के जैन-काव्यों में उपदेशात्मकता के स्थान पर घटनाओं को प्रधानता दी गई है। ✓

(B) फागु काव्य, शैली की सामान्यता के लिए प्रसिद्ध हैं।

(C) 'रेवंतगिरिरास' में वास्तुकलात्मक सौन्दर्य का आकर्षण है।

(D) जैन तीर्थंकरों के जीवनचरित रास नाम से भी पदबद्ध किए गए।

Q.38

अशुद्ध शब्द नहीं है -

(A) जलाँजली

(B) शाप ✓

(C) याज्ञवलक्य

(D) ज्योत्सना

Q.39

अशुद्ध वाक्य नहीं है -

(A) उसने मुझे गालियाँ दीं। ✓

(B) आक्रमणकारी दस बारह पशु उठा ले गये।

(C) वह अपराधी दण्ड देने योग्य है।

(D) इस बात का स्पष्टीकरण करने की आवश्यकता है।

Q.40

निम्नलिखित में से कौनसा आधार भारतेन्दु द्वारा खड़ी बोली - गद्य के स्वरूप निर्माण हेतु स्थिर किए गए आधारों में सम्मिलित नहीं है?

(A) उर्दू - फारसी के लोक - व्यवहार में प्रचलित शब्दों का प्रयोग।

(B) आवश्यकता पड़ने पर संस्कृत के मूल स्रोत से शब्दों को ग्रहण करने की नीति।

(C) मुख्यतः हिन्दी के तद्भव और प्रचलित शब्दों का प्रयोग।

(D) व्याकरण की शुद्धता और भाषा की सफाई पर अत्यधिक बल। ✓

Q.41

'दमड़ी की बुढ़िया टका सिर मुँड़ाई' लोकोक्ति का निकटतम अर्थ है -

(A) बलवान व्यक्ति अपराध करने पर तुच्छ मनुष्यों से भी दबता है।

(B) थोड़े नुकसान से बेईमान का पता चलना।

(C) जितने का माल हो उससे ज्यादा उस पर व्यय होना। ✓

(D) दिन रात काम करने पर भी काम पूरा न होना।

Q.42

कथन -
(क) रीतिकाल के प्रतिनिधि कवि बिहारी, मतिराम, पद्माकर रसिक ही थे, प्रेमी नहीं।
(ख) इनकी सौन्दर्य भावना विषयगत न होकर विषयीगत थी।
रीतिकाल के संबंध में डॉ. नगेन्द्र के उपर्युक्त कथनों की दृष्टि से सही विकल्प है -

(A) (क) और (ख) गलत
(B) (क) सही और (ख) गलत ✓
(C) (क) और (ख) सही
(D) (क) गलत और (ख) सही

Q.43

"पिउ सौं कहेउ संदेसड़ा, हे भौंरा! हे काग!
सो धनि विरहै जरि मुई, तेहिक धुआँ हम्ह लाग।"
नागमती वियोग खण्ड की प्रस्तुत पंक्तियों में किस माह का वर्णन है?

(A) कुवार
(B) सावन
(C) अगहन ✓
(D) कातिक

Q.44

अष्टछाप के कवियों के विषय में निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प असंगत है?

(A) छीतस्वामी - ये विट्ठलनाथ जी के शिष्य थे।
(B) कुंभनदास - ये वल्लभाचार्य के शिष्य थे।
(C) चतुर्भुजदास - ये वल्लभाचार्य के शिष्य थे। ✓
(D) परमानंददास - ये वल्लभाचार्य के शिष्य थे।

Q.45

'कलम तोड़ना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है -

(A) लिख न सकना।
(B) सुन्दर लिपि में लिखना।
(C) मार्मिक बात लिखना। ✓
(D) लेख आदि को काट डालना।

Q.46

यमक अलंकार के संबंध में असंगत विकल्प है -

(A) इसमें वर्णों का आवर्तन पूर्वक्रम से नहीं होता है। ✓
(B) इसमें भिन्नार्थक सार्थक वर्णसमूह की आवृत्ति होती है।
(C) इसमें स्वरव्यंजन समुदाय या वर्णसंघात की आवृत्ति होती है।
(D) अर्थवैषम्य इसका आवश्यक तत्त्व है।

Q.47

"प्रबल जो तुम में पुरुषार्थ हो।
सुलभ कौन तुम्हें न पदार्थ हो।
प्रगति के पथ में विचरो उठो।
भुवन में सुख-शान्ति भरो उठो।"
प्रस्तुत पंक्तियों में छन्द है –

(A) द्रुतविलम्बित ✓
(B) हरिगीतिका
(C) मन्दाक्रान्ता
(D) छप्पय

Q.48

'किसी अयोग्य व्यक्ति को कोई सुन्दर या बहुमूल्य वस्तु प्रदान करने' पर प्रयुक्त की जाने वाली सर्वाधिक उपयुक्त लोकोक्ति है –

(A) बिल्ली के गले में घंटी
(B) ऊँट के गले में बिल्ली
(C) बन्दर के गले में मोतियों की माला ✓
(D) चील के घोंसले में मांस

Q.49

'बच्चा <u>पढ़कर सो गया</u>' वाक्य में रेखांकित अंश में क्रिया है –

(A) संयुक्त क्रिया
(B) नामधातु क्रिया
(C) पूर्वकालिक क्रिया ✓
(D) प्रेरणार्थक क्रिया

Q.50

भारतेन्दु-युग की प्रवृत्तियों के विषय में असंगत विकल्प है –

(A) इस युग के कवियों ने जनमानस में राष्ट्रीय भावना के बीज वपन का महत्त्वपूर्ण कार्य किया।
(B) इस युग में कवियों की प्रतिभा और रचना कौशल को परखने के लिए कवि गोष्ठियों में कठिन से कठिन विषयों पर समस्यापूर्ति करायी जाती थी।
(C) इस युग में पश्चिमी सभ्यता, विदेशी शासन, रूढ़ियों आदि पर व्यंग्य करने के लिए कवियों ने विषय और शैली की दृष्टि से अनेक नये प्रयोग किये।
(D) परंपरागत रीति निरूपण पद्धति के प्रति भारतेन्दु युग के सभी कवियों का मोह बना रहा तथा सभी कवियों ने रीति निरूपण किया। ✓

Q.51

यह काया है या शेष उसी की छाया।
क्षण भर उनकी कुछ नहीं समझ में आया।।
पंक्तियों में निहित अलंकार है –

(A) भ्रान्तिमान
(B) विरोधाभास
(C) अपह्नुति
(D) संदेह ✓

Q.52

निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य है –

(A) आकाश में तारे टिमटिमा रहे हैं।
(B) कृपया मेरी सौभाग्यवती कन्या के विवाह में पधारें ✓
(C) उसे अपनी योग्यता पर गर्व है।
(D) प्रशान्त बहुत चालाक है।

Q.53

'दीर्घकाल से हिन्दी साहित्य के इतिहास-लेखक अपभ्रंश भाषा के साहित्य को भी हिन्दी साहित्य के पूर्वरूप के रूप में ग्रहण करते आए हैं।' इतिहास लेखन संबंधी उपर्युक्त मान्यता किस विद्वान की है?

(A) आ. रामचन्द्र शुक्ल
(B) डॉ. रामकुमार वर्मा
(C) डॉ. नगेन्द्र
(D) आ. हजारी प्रसाद द्विवेदी ✓

Q.54

संधि का सही विकल्प नहीं है -

(A) पितृ + अनुमति = पित्रानुमति ✓
(B) जल + ओघ = जलौघ
(C) ब्रह्म + ऋषि = ब्रह्मर्षि
(D) अनु + ईक्षण = अन्वीक्षण

Q.55

'आज लोगों के मन में यही बात समा रही है कि जहाँ तक हो सके शीघ्र ही शत्रुओं से बदला लेना चाहिए।' वाक्य में उद्देश्य है -

(A) शीघ्र ही
(B) शत्रुओं से
(C) बात ✓
(D) आज लोगों के मन में

Q.56

डॉ. रामविलास शर्मा के अनुसार हिन्दी नवजागरण का तृतीय चरण है -

(A) भारतेन्दु युग
(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी और उनके सहयोगियों का कार्यकाल ✓
(C) छायावाद युग
(D) 1857 का स्वाधीनता संग्राम

Q.57

चंद्रगुप्त नाटक के पात्रों के संबंध में सही विकल्प है -

(A) मालविका तक्षशिला की राजकुमारी है।
(B) सुवासिनी शकटार की कन्या है। ✓
(C) माधवी धनदत्त की पत्नी है।
(D) मणिमाला मगध की राजकुमारी है।

Q.58

निम्नलिखित में से रचनाकार एवं रचनाओं की दृष्टि से संगत विकल्प है -

(A) महादेवी वर्मा - रश्मि, नीहार, करुणालय
(B) निराला - युगांत, परिमल, गीतिका
(C) पंत - उच्छ्वास, ग्रंथि, वीणा ✓
(D) प्रसाद - आँसू, उत्तरा, कानन-कुसुम

Q.59

'पतंग' शब्द का अर्थ नहीं है -

(A) चिड़िया
(B) धनुष ✓
(C) सूर्य
(D) शलभ

Q.60

द्विवेदी युगीन रचना जिसमें प्रबंध और मुक्तक दोनों का सौन्दर्य विद्यमान है, का नाम है -

(A) प्रेम पथिक
(B) प्रिय प्रवास
(C) उद्धव शतक ✓
(D) रंग में भंग

Q.61

वामपद असुर-स्कन्ध पर, रहा दक्षिण हरि पर;
ज्योतिर्मय रूप, हस्त दश विविध अस्त्र-सज्जित।
'राम की शक्ति-पूजा' की इन पंक्तियों में किसका रूप वर्णित है?

(A) दुर्गा ✓
(B) रावण
(C) कुम्भकर्ण
(D) हनुमान

Q.62

जोरि पानि प्रभु कीन्ह प्रनामू। पिता समेत लीन्ह निज नामू।
कहेउ बहोरि कहाँ बृषकेतू। बिपिन अकेलि फिरहु केहि हेतू।
राम का यह कथन किसके प्रति है?

(A) अनसूया
(B) सती ✓
(C) कैकेयी
(D) शबरी

Q.63

रचना-रचनाकार की दृष्टि से सुमेलित विकल्प नहीं है -

(A) मधुमालती - मंझन
(B) ज्ञान दीप - शेख नवी
(C) हंस जवाहिर - कासिमशाह
(D) अनुराग-बाँसुरी - उसमान ✓

Q.64

'हवा में उड़ा देना' मुहावरे का अर्थ है -

(A) होश ठिकाने न रहना
(B) कोई ध्यान न देना ✓
(C) किसी विचार का प्रचार होना
(D) बुरी दशा आना

Q.65

रीतिनिरूपण और रीतिकवि के आधार पर असंगत विकल्प है -

(A) छन्द-निरूपक - तोष ✓
(B) सर्वांग-निरूपक - कुलपति मिश्र
(C) सर्वरस-निरूपक - पदमाकर
(D) अलंकार-निरूपक - जसवंत सिंह

Q.66

'माधुर्य गुण' के संबंध में असंगत कथन है -

(A) इसमें ट, ठ, ड, ढ को छोड़कर 'क' से 'म' तक के वर्णों का समावेश होता है।
(B) इसमें मधुर वर्ण, सानुनासिक वर्ण और अल्प-समास का प्रयोग होता है।
(C) इसमें सरल, सुबोध तथा श्रवणमात्र से ही शीघ्र अर्थबोध कराने वाले शब्द प्रयुक्त होते हैं, जिससे चित्त का विस्तार होता है और मन में आवेग उमड़ता है। ✓
(D) यह गुण श्रृंगार, करुण एवं शांत रसों में प्रयुक्त होता है।

Q.67

निम्न में से कौन सी शिलांकित कृति है?

(A) पाहुड़दोहा
(B) रालउवेल ✓
(C) प्राकृतपैंगलम्
(D) वर्णरत्नाकर

Q.68

निम्नलिखित में से काव्यांश और उसमें निहित काव्य-दोष की दृष्टि से असंगत विकल्प है -

(A) अ-मानुषी भूमि अ-बानरी करौं। - अक्रमत्व दोष
(B) कैसे कहते हो इस दुआार पर फिर से कभी न आऊँ। - ग्राम्यत्व दोष
(C) अजा-सहेली ता रिपू जननी-भरतार। ताके सुत के मीत को सुमिरौं बारंबार। - अप्रतीतत्व दोष ✓
(D) पर क्या न विषयोत्कृष्टता करती विचारोत्कृष्टता। - श्रुतिकटुत्व दोष

Q.69

'आपने इस अनित्य शरीर का, <u>जो अल्प ही काल में नाश हो जाएगा</u>, इतना मोह किया।' वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का प्रकार है -

(A) कालवाचक क्रियाविशेषण उपवाक्य
(B) रीतिवाचक क्रियाविशेषण उपवाक्य
(C) संज्ञा उपवाक्य
(D) विशेषण उपवाक्य ✓

Q.70

"यह कहानी अर्थमूलक यथार्थ के कई जटिल आयामों को एक साथ उद्घाटित करती है। ये सारे आयाम आपस में तने हुए लक्षित होते हैं।"
'कफन' कहानी के संदर्भ में यह कथन किसका है?

(A) रामदरश मिश्र ✓
(B) यशपाल
(C) कमलेश्वर
(D) अमरकान्त

Q.71

"पुरस्कार का भी केन्द्रबिंदु प्रेम का द्वन्द्व ही है, जो उगता तो है बाहरी परिवेश के बीच किंतु धीरे-धीरे अपने भीतर से ही विकसित होने लगता है।"
'पुरस्कार' कहानी पर यह टिप्पणी किसकी है?

(A) रामदरश मिश्र ✓
(B) महीप सिंह
(C) राजेन्द्र यादव
(D) कमलेश्वर

Q.72

हीन भएँ जल मीन अधीन कहा कछु मो अकुलानि समानै।
नीर-सनेही कों लाय कलंक निरास है कायर त्यागत प्रानै।।
प्रीति की रीति सु क्यों समुझै जड़ मीत के पानि परें कों प्रमानै।
या मन की जु दसा घनानंद जीव की जीवनि जान ही जानै।।
छन्द की व्याख्या के संबंध में असंगत है -

(A) सवैया छंद है।
(B) साहस के अभाव का संकेत है।
(C) 'घनानंद' से सुजान भी संकेतित हैं।
(D) मीन और विरही की व्याकुलता पूर्णतः सदृश है और दोनों ही वियोग में निराश होकर कायरों की भाँति प्राण त्याग देते हैं। ✓

Q.73

'इंदौर पहले एक गाँव था।' अर्थ की दृष्टि से वाक्य का प्रकार है -

(A) विधानार्थक ✓
(B) संकेतार्थक
(C) संदेह सूचक
(D) निषेधवाचक

Q.74

"सुनि जननी! सोह सुत बड़भागी, जो पितु-मात-वचन-अनुरागी।
तनय मात-पितु-तोषनहारा, दुरलभ जननि! सकल संसारा।।"
प्रस्तुत पंक्तियों में कौनसा छन्द है?

(A) सोरठा
(B) द्रुतविलम्बित
(C) चौपाई ✓
(D) दोहा

Q.75

डॉ. ग्रियर्सन के अनुसार, राजस्थानी की बोलियों में सम्मिलित नहीं है -

(A) ढूँढाड़ी
(B) भीली ✓
(C) अहीरवाटी
(D) नीमाड़ी

Q.76

अज्ञेय रचित 'रोज' कहानी के संबंध में असंगत है -

(A) कहानी की शैली आत्मकथात्मक है।
(B) मालती के अतीत के उल्लासमय जीवन्त परिवेश का चित्रण है।
(C) कहानी की संरचना वर्णनात्मक है व चित्रात्मकता, संवादात्मकता और काव्यात्मकता का अभाव है। ✓
(D) वैवाहिक जीवन की एकरसता का चित्रण है।

Q.77

"अजौ तरयौना हीं रह्यो श्रुति सेवत इक-रंग।
नाक - बास बेसरि लह्यौ बसि मुकुतनु कैं संग।।"
प्रस्तुत दोहे की व्याख्या के संबंध में असंगत विकल्प है -

(A) तरयौना = नासिका - भूषण विशेष ✓
(B) सतसंगति की महिमा का वर्णन
(C) श्लेष अलंकार
(D) बेसरि का लक्ष्यार्थ महाअधम प्राणी

Q.78

निम्नलिखित में से गलत कथन है -

(A) ओ, औ कण्ठतालव्य स्वर हैं। ✓
(B) इ, ई तालव्य स्वर हैं।
(C) 'ऋ' मूर्धन्य स्वर है।
(D) सभी स्वर सघोष हैं।

Q.79

करके मीन-मेख सब ओर,
किया करें बुध वाद कठोर,
शाखामयी बुद्धि तजकर वे मूल-धर्म धरते हैं।
हम राज्य लिए मरते हैं।
'साकेत' की उपर्युक्त पंक्तियों में 'वे' से संकेतित है -

(A) राजा
(B) विद्वान
(C) किसान ✓
(D) सैनिक

Q.80

'वाक्यांश के लिए एक शब्द' की दृष्टि से कौनसा विकल्प गलत है?

(A) जहाँ पहुँचना कठिन हो - दुर्गम
(B) किए गए उपकार को मानने वाला - कृतज्ञ
(C) जिसे करना कठिन हो - दुर्बोध ✓
(D) जहाँ पहुँचा न जा सके - अगम्य

Q.81

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का बिहारी विषयक मत नहीं है -

(A) बिहारी के दोहों में मुक्तक कविता का सौन्दर्य अपने चरम उत्कर्ष को पहुँचा है।
(B) बिहारी की रसव्यंजना का पूर्णवैभव उनके अनुभावों के विधान में दिखाई पड़ता है।
(C) बिहारी में भावों का बहुत उत्कृष्ट और उदात्त स्वरूप मिलता है। ✓
(D) बिहारी की वाक्यरचना व्यवस्थित है और शब्दों के रूप का व्यवहार एक निश्चित प्रणाली पर है।

Q.82

किस विकल्प के सभी विद्वान 'पृथ्वीराज रासो' को सर्वथा अप्रामाणिक रचना मानते हैं?

(A) डॉ. बूलर, गौरीशंकर हीराचंद ओझा, मुंशी देवीप्रसाद ✓
(B) मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या, बाबू श्यामसुंदर दास, डॉ. बूलर
(C) मॉरिसन, डॉ. बूलर, बाबू श्यामसुंदर दास
(D) गौरीशंकर हीराचंद ओझा, मुंशी देवीप्रसाद, मोहनलाल-विष्णुलाल पंड्या

Q.83

"लग्यो सुमनु है है सफलु आतप - रोसु निवारि।
बारी, बारी आपनी सींचि सुहृदता - बारि।।"
प्रस्तुत दोहे में रेखांकित शब्दों का निम्नलिखित में से क्रमशः संगत अर्थ है -

(A) पारी, माली, वाटिका
(B) वाटिका, सरस्वती, माली
(C) <u>बालिका</u>, <u>पारी</u>, <u>वचन</u> ✓
(D) वचन, बालिका, जल

Q.84

तद्भव शब्द है -

(A) पद्य
(B) पदक
(C) पथिक
(D) पंथी ✓

Q.85

किस विकल्प में स्त्रीलिंग शब्द नहीं है?

(A) दमन, आज्ञा
(B) कृत्य, क्षण ✓
(C) प्रहार, प्रार्थना
(D) चंद्र, घोषणा

Q.86

कृदन्त का उदाहरण है -

(A) हर्षित
(B) स्वप्न ✓
(C) जटिल
(D) सर्वथा

Q.87

हिन्दी-साहित्य के इतिहास-ग्रंथ एवं उनके लेखक की दृष्टि से असंगत विकल्प है -

(A) हिन्दी साहित्य की भूमिका - आ. हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) हिन्दी साहित्य का आदिकाल - आ. रामचन्द्र शुक्ल ✓
(C) हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास - डॉ. रामकुमार वर्मा
(D) हिन्दी साहित्य का अतीत - आ. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

Q.88

कहानी संग्रह तथा कहानीकार का मिलान करते हुए सही विकल्प चुनिए -

कहानी संग्रह	कहानीकार
(अ) तीन निगाहों की एक तस्वीर	(A) उषा प्रियंवदा
(ब) फिर बसंत आया	(B) ममता कालिया
(स) मुखौटा	(C) मन्नू भण्डारी
(द) जहर ठहरा हुआ	(D) चित्रा मुद्गल

उत्तर विकल्प -

(A) (अ)-(C), (ब)-(D), (स)-(A), (द)-(B)
(B) (अ)-(B), (ब)-(A), (स)-(C), (द)-(D)
(C) (अ)-(A), (ब)-(B), (स)-(D), (द)-(C)
(D) (अ)-(C), (ब)-(A), (स)-(B), (द)-(D) ✓

Q.89

निम्नलिखित में कौनसा वाक्य शुद्ध है?

(A) उसने मुझे दस हजार रुपये दिये। ✓
(B) बच्चा खाना और दूध पीकर सो गया।
(C) आगामी रविवार को वह जयपुर गया था।
(D) तरुण नवयुवकों की शिक्षा का अच्छा प्रबंध होना चाहिए।

Q.90

असंगत विलोम शब्द है -

(A) विस्तीर्ण - संकीर्ण
(B) वैधर्म्य - साधर्म्य
(C) व्यास - समास
(D) विकृष्ट - अनाकृष्ट ✓

Q.91

'बेसर-मोती-दुति-झलक, परी अधर पर आनि।
पट पोंछति चूनो समझि, नारी निपट अयानि।।'
प्रस्तुत पद में अलंकार है -

(A) असंगति
(B) भ्रान्तिमान ✓
(C) विरोधाभास
(D) विभावना

Q.92

त्रासदी के संबंध में असत्य कथन का चयन कीजिए -

(A) करुणा तथा त्रास के उद्रेक द्वारा मनोविकारों का उचित विरेचन त्रासदी का कार्य होता है।
(B) त्रासदी का कार्य गंभीर एवं स्वतः पूर्ण होता है।
(C) त्रासदी कार्य व्यापार का वर्णन मात्र होती है, प्रस्तुति नहीं। ✓
(D) त्रासदी कार्य की अनुकृति है।

Q.93

रीतिमुक्त काव्य की प्रवृत्तियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प असंगत है?

(A) रीतिमुक्त काव्यधारा पर फारसी की काव्य प्रवृत्तियों का प्रभाव दिखाई देता है।
(B) रीतिमुक्त कवियों का प्रेमवर्णन प्रायः व्यथा प्रधान है।
(C) रीतिमुक्त कवियों के वर्ण्य विषय और उनकी वर्णन शैली दोनों रीतिकालीन काव्य परम्परा से बँधे हैं। ✓
(D) रीतिमुक्त काव्य में कवियों की प्रेमानुभूति को आत्माभिव्यक्ति की शैली में स्थान प्राप्त हुआ है।

Q.94

निम्नलिखित में से हिन्दी साहित्य के काल-विभाजन का प्रयास सर्वप्रथम किस विद्वान ने किया?

(A) जॉर्ज ग्रियर्सन ने ✓
(B) शिवसिंह सेंगर ने
(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने
(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने

Q.95

निम्नलिखित में से किसे निर्गुण संत काव्यधारा का दार्शनिक-सांस्कृतिक आधार नहीं माना जाता है?

(A) शंकराचार्य का अद्वैतदर्शन
(B) उपनिषद्
(C) पुराण ✓
(D) सूफी दर्शन

Q.96

यात्रावृत्तांत लेखन के विषय में असंगत है -

(A) यात्री अपने साहित्य में संवेदनशील होकर भी निरपेक्ष नहीं रहता है। ✓

(B) डॉ. रघुवंश के अनुसार यात्रा-साहित्य आधुनिक हिन्दी-साहित्य में पाश्चात्य-साहित्य के संपर्क में आने के बाद ही विकसित हुआ।

(C) यात्रा करने मात्र से कोई साहित्यिक यायावर की संज्ञा नहीं प्राप्त कर सकता और न यात्रा का विवरण प्रस्तुत कर देना मात्र यात्रा-साहित्य है।

(D) अधिकतर यात्रा-साहित्य संस्मरणात्मक होता है।

Q.97

आत्मकथा और आत्मकथाकार की दृष्टि से असंगत विकल्प है -

(A) अन्या से अनन्या - प्रभा खेतान

(B) पिंजरे की मैना - मृदुला गर्ग ✓

(C) एक कहानी यह भी - मन्नू भण्डारी

(D) कस्तूरी कुण्डल बसै - मैत्रेयी पुष्पा

Q.98

"यदि ऐसा ही है तो फिर अच्छा है कि तुम लोग अलग हो जाओ। संबंध को निभाने की खातिर अपने को खतम कर देने से अच्छा है कि संबंध को खतम कर दो।" 'आपका बंटी' उपन्यास में यह कथन किसने किससे कहा था?

(A) वकील चाचा ने शकुन से ✓

(B) शकुन ने अजय से

(C) अजय ने शकुन से

(D) फूफी ने शकुन से

Q.99

"महाकाव्य की उदात्तता और नाटक की गति ये दोनों मिलकर इस लंबी कविता को एक अपूर्व रूप प्रदान करते हैं" -
'राम की शक्तिपूजा' के संबंध में यह कथन किस विद्वान आलोचक का है?

(A) डॉ. नामवर सिंह

(B) डॉ. रामविलास शर्मा

(C) आ. रामचन्द्र शुक्ल

(D) डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी ✓

Q.100

किस विकल्प के सभी शब्द 'कमल' के पर्यायवाची हैं?

(A) सरोज, पदम, कोरक

(B) जलज, जलजात, गुंचा

(C) पुंडरीक, नलिन, राजीव ✓

(D) अरविंद, मुकुल, अम्बुद

Q.101

'ससि सो उज्ज्वल तिय वदन, पल्लव सो मृदु पानि ।'
इस पंक्ति में निम्नलिखित में से कौनसा अलंकार है?

(A) उत्प्रेक्षा
(B) उपमा ✓
(C) अपह्नुति
(D) रूपक

Q.102

'अधिकार खोकर बैठ रहना, यह महा दुष्कर्म है।
न्यायार्थ अपने बन्धु को भी, दण्ड देना धर्म है।'
प्रस्तुत पंक्तियाँ किस छन्द की हैं?

(A) मत्तगयन्द सवैया
(B) चौपाई
(C) हरिगीतिका ✓
(D) द्रुतविलम्बित

Q.103

'कच समेट कर भुज उलटि, खए सीस पट-टारि।
काकौ मन बाँधै न यह, जूरो बाँधनिहारि।।'
<u>रेखांकित अंश</u> में शब्द-शक्ति है -

(A) अभिधा
(B) लक्षण लक्षणा ✓
(C) उपादान लक्षणा
(D) रूढ़ि लक्षणा

Q.104

किस विकल्प के सभी शब्द तत्सम हैं?

(A) गोंद, दूर्वा, धीरज
(B) निद्रा, पत्र, पत्थर
(C) पाषाण, पर्ण, स्तम्भ ✓
(D) द्राक्षा, थल, नृत्य

Q.105

संविधान के राजभाषा विषयक प्रावधानों की दृष्टि से असंगत विकल्प है -

(A) अनुच्छेद 351 ए तथा बी में मातृभाषा के माध्यम से शिक्षण तथा भाषिक अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए व्यवस्था की गई है। ✓
(B) अनुच्छेद 351 हिंदी भाषा की प्रसार वृद्धि को निदेशित करता है।
(C) अनुच्छेद 343(1) के अनुसार संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी।
(D) अनुच्छेद 343(1) के अनुसार संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अन्तर्राष्ट्रीय रूप होगा।

Q.106

मंत्री इक बन बसत हमारो ताहि मिले सचु पाइयो।
भ्रमरगीत सार के संदर्भ में मंत्री शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है?

(A) अक्रूर
(B) राधा ✓
(C) उद्धव
(D) सुदामा

Q.107

निम्नलिखित में एकवचन से बहुवचन का सही विकल्प है -

(A) डिबिया — डिब्बे
(B) गौ — गौएँ ✓
(C) क्यारी — क्यारीं
(D) विद्या — विद्यायें

Q.108

निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प शब्द-शक्तियों के संबंध में संगत नहीं है?

(A) मुख्यार्थ को छोड़कर जहाँ पर प्रचलन के कारण अन्य अर्थ ग्रहण किया जाता है, वहाँ रूढ़ि लक्षणा होती है।
(B) जो शब्द शक्ति वक्ता, बोद्धव्य, वाक्य अन्यसन्निधि, वाच्य, प्रकरण, देश, काल, काकु, चेष्टा आदि की विशेषता के कारण व्यंग्यार्थ की प्रतीति कराती है, वह आर्थी व्यंजना कही जाती है।
(C) जहाँ पर मुख्य अर्थ की बाधा होने पर सादृश्य संबंधों के द्वारा उसे ग्रहण किया जाये, वहाँ पर शुद्धा प्रयोजनवती लक्षणा होती है। ✓
(D) जहाँ पर मुख्यार्थ की बाधा होने पर लक्षणा शक्ति से अन्य अर्थ निकलता है, परन्तु उसके बाद भी दूसरा अर्थ प्राप्त होता है, वहाँ पर लक्षणामूला शाब्दी व्यंजना होती है।

Q.109

कविता-संग्रह एवं कवि सुमेलित कीजिए -

कविता-संग्रह	कवि
(i) अपनी केवल धार	(क) बद्रीनारायण
(ii) सच सुने कई दिन हुए	(ख) अरुण कमल
(iii) दुनिया रोज बनती है	(ग) मदन कश्यप
(iv) लेकिन उदास है पृथ्वी	(घ) आलोक धन्वा

सही विकल्प है -

(A) (i)-(ख), (ii)-(क), (iii)-(घ), (iv)-(ग) ✓
(B) (i)-(क), (ii)-(ख), (iii)-(ग), (iv)-(घ)
(C) (i)-(घ), (ii)-(ग), (iii)-(ख), (iv)-(क)
(D) (i)-(ग), (ii)-(घ), (iii)-(क), (iv)-(ख)

Q.110

साधारणीकरण के संबंध में असंगत कथन है -

(A) अभिनव गुप्त के अनुसार - भाव का साधारणीकरण सामूहिक क्रिया नहीं है, वह कला के क्षेत्र में वैयक्तिक क्रिया है। ✓

(B) डॉ. नगेंद्र के अनुसार - साधारणीकरण कवि की अपनी अनुभूति का होता है।

(C) आचार्य नंददुलारे वाजपेयी के अनुसार - साधारणीकरण रचयिता और उपभोक्ता के बीच भावना का तादात्म्य है।

(D) आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार - साधारणीकरण आलम्बनत्व धर्म का होता है।

Q.111

अर्द्धमागधी अपभ्रंश से विकसित हिंदी बोलियों का समूह है -

(A) बिहारी

(B) राजस्थानी

(C) पश्चिमी हिंदी

(D) पूर्वी हिन्दी ✓

Q.112

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.113

आचार्य विश्वनाथ के अनुसार रस के स्वरूप के संबंध में असंगत विकल्प है -

(A) रसानुभव अन्य ज्ञान से रहित होता है।

(B) रस का प्रकाशन आत्मचैतन्य से होता है।

(C) रसानंद ही वास्तविक ब्रह्मानंद है। ✓

(D) रस का उदय वहाँ होता है, जहाँ सतोगुण का उद्रेक होता है।

Q.114

हंस, छोड़ आये कहाँ मुक्ताओं का देश?
यहाँ वन्दिनी के लिए लाये क्या संदेश?
पद में 'मुक्ताओं का देश' का व्यंजित अर्थ नहीं है -

(A) साकेत नगरी ✓

(B) मुक्त आत्माओं का देश

(C) मानसरोवर

(D) स्वाधीन जनों का देश

Q.115

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल हिंदी में रीतिग्रंथों की परंपरा का आरम्भ किस कवि से मानते हैं?

(A) देव

(B) केशवदास

(C) भिखारीदास

(D) चिंतामणि त्रिपाठी ✓

Q.116

बिरह भुवंगम तन बसै, मंत्र न लागै कोइ।
राम बियोगी न जिवै, जिवै तौ बौरा होइ।।
साखी में 'भुवंगम' का अर्थ है -

(A) भवन
(B) वियोगी
(C) भ्रमर
(D) सर्प ✓

Q.117

इन शब्दों को पढ़िए -
(अ) पार्षद
(ब) पारिजात
(स) पार्थक्य
(द) पार्श्वनाथ
शब्दकोश में इन शब्दों का क्रम क्रमशः होगा -

(A) (स), (द), (ब), (अ)
(B) (ब), (द), (अ), (स)
(C) (ब), (स), (द), (अ) ✓
(D) (ब), (अ), (द), (स)

Q.118

किस विकल्प में सभी शब्द यौगिक क्रियाविशेषण हैं?

(A) रात तक, अचानक
(B) दिनभर, दूर
(C) पहले, ठीक
(D) प्रेमपूर्वक, इसलिये ✓

Q.119

"भक्ति के लिये भगवान के साथ वैयक्तिक संबंध आवश्यक है और अवतार उस संबंध के लिए आवश्यक सामग्री प्रस्तुत करते हैं। यही कारण है कि मध्ययुग के प्रायः सभी धार्मिक संप्रदायों ने किसी-न-किसी रूप में अवतार की कल्पना अवश्य की है।" मध्यकालीन भक्ति-साहित्य की विवेचना में उक्त कथन किस विद्वान का है?

(A) आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ✓
(D) डॉ. रामकुमार वर्मा

Q.120

शुद्ध शब्द है -

(A) व्यवहारिक
(B) रसिक ✓
(C) विदेशिक
(D) सप्ताहिक

Q.121

निम्न में से किस पंक्ति में दुष्क्रमत्व दोष है?

(A) राजन! देहु तुरंग मोहि, अथवा देहु मतंग । ✓

(B) घंटों ले के जननि-हरि को गोद में बैठती थीं।

(C) लंका-पुरि-पति को जो भ्राता तासु प्रिया नहिं आवति।

(D) पावन पद वन्दन करके प्रभु, कब कार्त्तार्थ्य मिले मुझ को ।

Q.122

शुद्ध शब्द नहीं है -

(A) अभ्यास

(B) अभ्यान्तर ✓

(C) अभ्युदय

(D) अभ्युत्थान

Q.123

अभिधामूला ध्वनि के संदर्भ में असंगत है -

(A) इस का एक भेद अर्थान्तरसंक्रमितवाच्य ध्वनि है। ✓

(B) इसे विवक्षितवाच्य ध्वनि भी कहा जाता है।

(C) रस, भावादि के व्यंजित होने के कारण इसे रस ध्वनि कहते हैं।

(D) वाच्यार्थ से व्यंग्यार्थ की प्रतीति होती है।

Q.124

किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं?

(A) मध्याह, अतिथि ✓

(B) स्वावलंबन, जिव्हा

(C) निश्च्छल, ब्रह्मा

(D) उल्लंघन, ईर्षा

Q.125

रसनिष्पत्ति के लिए भावकत्व तथा भोजकत्व व्यापार की स्थापना किस आचार्य द्वारा की गई?

(A) शंकुक

(B) भट्टलोल्लट

(C) अभिनव गुप्त

(D) भट्टनायक ✓

Q.126

"बहुत दिनन थैं मैं प्रीतम पाये, भाग बड़े घरि बैठे आये।।
मंगलाचार माँहि मन राखौं, राम रसाँइण रसना चाषौं।
मंदिर माँहि भयो उजियारा, ले सुतो अपना पीव पियारा।।
मैं रनि राती जे निधि पाई, हमहिं कहाँ यह तुमहि बड़ाई।
कहै कबीर मैं कछु न कीन्हा, सखी सुहाग राम मोहि दीन्हा।।"
प्रस्तुत पद की व्याख्या के संदर्भ में असंगत है -

(A) भक्त का दैन्य तथा परमात्मा के अनुग्रह का स्पष्ट वर्णन

(B) 'कहै कबीर मैं कछु न कीन्हा, सखी सुहाग राम मोहि दीन्हा' पंक्ति में अपह्नुति अलंकार ✓

(C) मिलन सुख की अनिर्वचनीयता की भी अभिव्यंजना

(D) दाम्पत्य प्रतीकों द्वारा आत्मा-परमात्मा के मिलन की अद्भुत व्यंजना

Q.127

बालकाण्ड के आधार पर रामचरित्र के श्रोताओं का सही क्रम है -

(A) पार्वती - काकभुशुण्डि - भरद्वाज - याज्ञवल्क्य

(B) पार्वती - भरद्वाज - काकभुशुण्डि - याज्ञवल्क्य

(C) पार्वती - काकभुशुण्डि - याज्ञवल्क्य - भरद्वाज ✓

(D) पार्वती - याज्ञवल्क्य - भरद्वाज - काकभुशुण्डि

Q.128

"मीत सुजान अनीत करौ जिन, हाहा न हूजिये मोहि अमोही।
डीठि कौ और कहूँ नहिं ठौर फिरी दृग रावरे रूप की दोही।
एकबिसास की टेक गहे लगि आस रहे बसि प्रान-बटोही।
हौं घनआनँद जीवनमूल दई कित प्यासनि मारत मोही।"
प्रस्तुत पद में व्यक्त भाव नहीं है -

(A) दर्शन की इच्छा

(B) प्रिय का जीवनदायी होकर पिपासा शांत करना ✓

(C) उपालम्भ

(D) विश्वासघात

Q.129

खड़ी बोली गद्य के प्रारंभिक चार उन्नायकों में शामिल नहीं हैं -

(A) लाला भगवानदीन ✓

(B) लल्लू लाल

(C) इंशा अल्ला खाँ

(D) सदल मिश्र

Q.130

शुद्ध वाक्य है -

(A) उसे भारी प्यास लगी है।

(B) ऐसा साहित्य उत्कृष्टतम कहा जायेगा।

(C) इसमें समस्त प्राणिमात्र का कल्याण है।

(D) अधिकतर लोगों का यही विचार है। ✓

Q.131

"आज लगता है, साथ रहना भी कितनी तरह का हो सकता है। सारी जिन्दगी साथ रहकर भी आदमी कितना अकेला रह सकता है और किसी का हल्का-सा स्पर्श भी कैसे जिन्दगी को किसी के साथ होने के एहसास और आश्वासन से भर सकता है।" उपन्यास 'आपका बंटी' में ये विचार किसके हैं?

(A) वकील चाचा
(B) अजय
(C) डॉक्टर
(D) शकुन ✓

Q.132

साधारण वाक्य का उदाहरण नहीं है -

(A) काम सीखा हुआ नौकर कठिनाई से मिलता है।
(B) धूप कड़ी होने के कारण वे पेड़ की छाया में ठहर गए।
(C) शास्त्री जी को सभापति बनाया गया।
(D) नौकर ने कहा कि मैं जिस दुकान में गया था उसमें दवा नहीं मिली। ✓

Q.133

'देव' संज्ञा से बना विशेषण है -

(A) दैवज्ञ
(B) देवता
(C) देवत्व
(D) दैविक ✓

Q.134

काव्य-लक्षण एवं लक्षणकार की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प सुमेलित है?

(A) रमणीयार्थ-प्रतिपादक: शब्द: काव्यम् — जगन्नाथ ✓
(B) वाक्यं रसात्मकं काव्यम् — भामह
(C) शब्दार्थौ सहितौ काव्यम् — विश्वनाथ
(D) तददोषौशब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुनः क्वापि — जयदेव

Q.135

निम्नलिखित में से कौनसे समूह के सभी शब्द पुल्लिंग हैं?

(A) सरोज, नयन, गणित ✓
(B) सोना, कपूर, मणि
(C) दही, उड़ान, अनाज
(D) पीतल, भारत, चाँदी

Q.136

'यदि मन लगाकर काम करोगे, तो सफलता प्राप्त करोगे।'
उक्त वाक्य का प्रकार बताइए —

(A) संयुक्त वाक्य
(B) सरल वाक्य
(C) साधारण वाक्य
(D) मिश्र वाक्य ✓

Q.137

किस विकल्प में गलत संधि-विच्छेद है?

(A) तृष्णा = तृष् + णा ✓
(B) वाङ्मय = वाक् + मय
(C) तद्रूप = तत् + रूप
(D) महच्छत्र = महत् + छत्र

Q.138

वक्रोक्ति सिद्धान्त के विषय में असंगत है —

(A) वक्रोक्ति कविकल्पनाप्रसूत है और उसका उद्देश्य है, वैचित्र्यसिद्धि।
(B) प्रकरण वक्रता के अन्तर्गत कुन्तक ने अलंकारों का विधान किया है। ✓
(C) वक्रोक्ति लोकोत्तरआह्लादकारिणी होकर असुन्दर वस्तु में कलात्मकता का आधान करती है।
(D) पदपूर्वार्द्ध वक्रता में मूल शब्द की वक्रता या रमणीयता वर्णित होती है।

Q.139

एक विशेष काव्यानदोलन, जिसका जन्म हिन्दी के काव्य-क्षेत्र में 'तार सप्तक' के प्रकाशन के साथ माना जाता है, वह है —

(A) प्रगतिवाद
(B) प्रयोगवाद ✓
(C) छायावाद
(D) नयी कविता

Q.140

"विजय-तृष्णा का अन्त पराभव में होता है, अलक्षेन्द्र! राज्यसत्ता सुव्यवस्था से बढ़े, तो बढ़ सकती है, केवल विजयों से नहीं।"
चन्द्रगुप्त नाटक में उक्त कथन किसने किससे कहा है?

(A) सिकन्दर ने चन्द्रगुप्त से
(B) दाण्ड्यायन ने सिकन्दर से ✓
(C) चाणक्य ने शकटार से
(D) सेल्यूकस ने वरुचि से

Q.141

अशाब्दिक संचार (संप्रेषण) कौशल के बारे में कौनसा कथन सही नहीं है?

(A) बहुत अधिक धीमी गति से बोलना गंभीरता या उदासी को दर्शा सकता है।
(B) शारीरिक मुद्राएँ, शरीर के अंगों की गति का वर्णन करती हैं। ✓
(C) हाथ उठाना, हाव-भाव अथवा शारीरिक भाषा संकेत का उदाहरण है।
(D) पैरा भाषा अशाब्दिक संचार कौशल का एक प्रकार है।

Q.142

निम्नलिखित कॉलम 'अ' में आई.सी.टी. (ICT) सॉफ्टवेयर का मिलान उनके उपयोग कॉलम 'ब' के साथ कीजिए -

कॉलम 'अ'	कॉलम 'ब'
(A) डेस्कटॉप प्रकाशन	(I) विद्यार्थी के मौजूदा कौशल को मजबूत करना।
(B) विद्यार्थी निगरानी	(II) हैंडआउट, न्यूज़लेटर और फ्लायर बनाना एवं डिजाइन करना, जिससे विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को विभिन्न गतिविधियों तथा घटनाओं के विषय में सूचित किया जा सके।
(C) ड्रिल एवं प्रैक्टिस	(III) वास्तविक समय और भविष्य दोनों में विद्यार्थी की प्रगति को देखना एवं रिपोर्टिंग करना।
(D) संलेखन प्रणाली	(IV) शिक्षकों को स्वयं अनुदेशात्मक सॉफ्टवेयर बनाने में मदद करना।

(A) (A)-(II), (B)-(III), (C)-(I), (D)-(IV) ✓

(B) (A)-(III), (B)-(II), (C)-(I), (D)-(IV)

(C) (A)-(II), (B)-(IV), (C)-(III), (D)-(I)

(D) (A)-(I), (B)-(II), (C)-(IV), (D)-(III)

Q.143

तकनीकी एकीकरण के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौनसी डिजिटल लर्निंग आधारित पूरक श्रेणीबद्ध पठन श्रृंखला है, जिसे बच्चों को प्रारंभिक वर्षों के दौरान एक शिक्षण शास्त्रीय उपकरण के रूप में पठन कौशल विकसित करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है?

(A) भाषा संगम

(B) बाल बगिया

(C) बरखा ✓

(D) प्रशस्त

Q.144

निम्नलिखित में से कौनसा एक विषय विशिष्ट फ्री और ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर नहीं है, जिसका उपयोग शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के साथ-साथ विषयवस्तु विकास के लिए भी किया जा सकता है?

(A) स्क्रैच ✓

(B) जियोजेब्रा

(C) कैल्शियम

(D) भुवन

Q.145

कथन (I) : अग्रिम संगठक प्रतिमान की सामाजिक प्रणाली असंरचित होती है।
कथन (II) : अग्रिम संगठक प्रतिमान की सामाजिक प्रणाली में विद्यार्थी अनेक प्रश्न पूछकर नई अधिगम सामग्री को अपने मौजूदा ज्ञान में आत्मसात करने में संलग्न होते हैं।

(A) कथन (I) सही है एवं (II) गलत है।

(B) कथन (I) एवं (II) दोनों सही हैं।

(C) कथन (I) एवं (II) दोनों गलत हैं।

(D) कथन (I) गलत है एवं (II) सही है। ✓

Q.146

जब किसी दल प्रतियोगिता में उच्च प्रदर्शन करने वाले सदस्य इनाम जीतने के लिए औसत या कम प्रदर्शन करने वाले सदस्यों की सहायता करते हैं, तो सहयोगी अधिगम में यह किस प्रकार की अन्योन्याश्रयता कहलाती है?

(A) चालक अन्योन्याश्रयता
(B) लक्ष्य अन्योन्याश्रयता
(C) पुरस्कार अन्योन्याश्रयता ✓
(D) कार्य अन्योन्याश्रयता

Q.147

निम्नलिखित आभासी कक्षा की विशेषताओं का उनके विवरण के साथ सही मिलान कीजिए –

सूची-I	सूची-II
(A) फायदा	(I) विद्यार्थी ऐसे शिक्षण प्रारूप से सीख सकते हैं जो उनकी सीखने की शैली के लिए सबसे सही हैं।
(B) लचीलापन	(II) विद्यार्थी जरूरत के हिसाब से सही समय पर सीख सकते हैं।
(C) गुणवत्ता	(III) बड़ी संख्या में विद्यार्थी एक शिक्षक से सीख सकते हैं।
(D) दक्षता	(IV) विद्यार्थी सबसे अच्छे अनुदेशनकर्ता या विशेषज्ञ से सीख सकते हैं।

(A) (A)-(III), (B)-(II), (C)-(IV), (D)-(I)
(B) (A)-(II), (B)-(IV), (C)-(I), (D)-(III)
(C) (A)-(II), (B)-(I), (C)-(IV), (D)-(III)
(D) (A)-(III), (B)-(I), (C)-(IV), (D)-(II) ✓

Q.148

कक्षा में शिक्षण-अधिगम सामग्रियों के उपयोग का निम्नलिखित में से कौनसा उद्देश्य नहीं है?

(A) शिक्षण सामग्री के उपयोग की अनिवार्यता के नियम का पालन करना। ✓
(B) कक्षा शिक्षण में नवीनता और ताजगी लाना।
(C) अधिगम को वास्तविक, व्यावहारिक और रोचक बनाना।
(D) किसी कौशल, तथ्य या विचार को स्पष्ट करना अथवा पुनर्बलित करना।


Q.149

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.150

पृच्छा प्रशिक्षण प्रतिमान की कौनसी अवस्था परिकल्पना परीक्षण से संबंधित है?

(A) प्रयोग द्वारा प्रदत्तों को संकलित करना। ✓
(B) वस्तु एवं परिस्थितियों की प्रवृत्ति का सत्यापन करना।
(C) पृच्छा प्रक्रिया का विश्लेषण करना।
(D) पृच्छा प्रक्रिया की व्याख्या करना।



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in